


नवभारत

भोपाल, सोमवार, 11 मई 2026


## एक नजर में

### सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य का निरीक्षण

**बैतूल।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत संचालित मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य जिले में निरंतर गति एवं गुणवत्ता के साथ आगे बढ़ रहा है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशन तथा अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी वंदना जाट के मार्गदर्शन में सभी नगरीय एवं ग्रामीण चार्जों में फील्ड कार्य गंभीरता एवं उत्तरदायित्व के साथ संपादित किया जा रहा है। जिले के कुल 2802 हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों में से लगभग 2100 एचएलबी में कार्य प्रगतिरत है, जबकि लगभग 700 एचएलबी का कार्य पूर्ण कर पोर्टल पर सफलतापूर्वक सिंक किया जा चुका है। जिले में अब तक लगभग 25 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी नरेन्द्र कुमार गौतम, जनगणना कार्य निदेशालय से नियुक्त जिला प्रभारी भरत गौर, मास्टर ट्रेनर विनोद अड़लक एवं तकनीकी टीम द्वारा विभिन्न नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर फील्ड कार्यों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। आज नगरीय चार्ज शाहपुर जिसमें 16 एचएलबी हैं, जिसमें से सुपरवाइजर सर्कल 02, कुल एचएलबी 5 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कमियों का सुधार करवाते हुए समय सीमा में कार्यपूर्ण करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा किए जा रहे मकान नंबरिंग, नजरी नक्शा निर्माण एवं एचएलओ एप में दर्ज प्रविष्टियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा स्थल स्थिति से मिलान कर जानकारी की शुद्धता सुनिश्चित की जा रही है। अधिकारियों द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी मकान अथवा परिवार सर्वेक्षण से छूटने न पाए। डेटा की गुणवत्ता एवं सटीकता बनाए रखने के लिए प्रत्येक प्रविष्टि सावधानीपूर्वक दर्ज करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। चार्ज स्तर पर गठित टीमों एवं फील्ड ट्रेनर्स द्वारा फील्ड में आने वाली समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा रहा है। साथ ही प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को एचएलओ एप संचालन एवं डेटा प्रविष्टि संबंधी आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्रगणकों को सही एवं तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराकर जनगणना कार्य में सहयोग प्रदान करें, जिससे विकास योजनाओं के लिए विश्वसनीय एवं सटीक आंकड़े प्राप्त हो सकें।

### एरियर्स भुगतान की मांग पर बनाई रणनीति

**बैतूल।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन बैतूल की मासिक बैठक लिंक रोड स्थित कैम्पेन हाउस परिसर में शेख इसाक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन बीपी धामोडे ने किया। इस दौरान नए सदस्यों का स्वागत किया गया तथा मई माह में जन्मदिन वाले सदस्यों को शुभकामनाएं दी गईं। बैठक में संगठन सचिव प्रकाश मांडवे ने संगठनात्मक विषयों के साथ लेखा कार्यालय एवं स्थानीय समस्याओं के निराकरण पर विचार रखे। बैठक में अंशदायी कैशलेस चिकित्सा योजना को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बताया गया कि मध्य क्षेत्र भोपाल द्वारा योजना प्रारंभ कर दी गई है, लेकिन कई सदस्यों को चिकित्सा कार्ड प्राप्त करने और कार्ड में नाम संबंधी विसंगतियों की समस्या आ रही है।

# अनदेखी : सड़क पर वाहनों की पार्किंग, बिगड़ रही यातायात व्यवस्था

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 10 मई. शहर की आबादी के साथ-साथ वाहनों की संख्या भी बढ़ी है। लेकिन सुविधाओं में इजाफा नहीं हुआ है। बाजारों और मुख्य स्थानों पर वाहनों को पार्क करने तक की जगह निर्धारित नहीं है।**

**पार्किंग स्थल का अभाव, परेशान होते हैं चालक**

**सड़क पर वाहन खड़े होने से बार-बार लग रहा जाम**



यहीं वजह है कि बाजारों, सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों को खड़ा करने के लिए रोजाना लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर साप्ताहिक बाजार, कोठीबाजार, गंज और सदर क्षेत्र में वाहन सडक किनारे बेतरतीब खड़े रहते है। जिससे बार-बार जाम की स्थिति निर्मित होती है। वैसे यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए अनेको बार बैठके होती है। योजनाएं भी बनाई जाती है, लेकिन हालात में सुधार नहीं आता है। परिणाम लोगों को बार-बार जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। सबसे खराब हालात कोठीबाजार सीमेंट रोड के रहते है। यहां तंग सड़क में त्योहारों के वक्त चालकों को वाहन निकलने तक की जगह नहीं मिलती है। सडक किनारे व्यापारियों का सामान और बेतरतीब वाहनों से सडक संकरी हो जाती है और दिन भर वाहनों की आवाजाही से जाम लगता है। बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे।

**पार्किंग और ट्रैफिक को लेकर ठोस प्लान नहीं :** शहर की ट्रॉफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए नगरपालिका और यातायात पुलिस के पास कोई ठोस प्लान नहीं है। यदि विभागों द्वारा ट्रॉफिक को लेकर संयुक्त रूप से कार्य किया जाये तो काफी हद तक आमजनता को ट्रॉफिक जाम जैसी समस्या से निजात मिल सकती है। लोगों का कहना है कि नगरपालिका और पुलिस द्वारा इस ओर बिलकुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है और न ही जाम से निपटने के लिए कोई प्लान तैयार किया गया। मार्केट में पार्किंग व्यवस्था कर दी जाये तो जाम से निपटा जा सकता है। लेकिन इसके लिए न तो नगरपालिका के पास और न ही पुलिस के पास फुर्सत है। कभी-कभी तो हालात ऐसे निर्मित हो जाते है कि जाम के कारण पांच मिनट की दूरी तय करने में करीब आधा घंटा तक लग जाता है।

**अब अखरने लगी पार्किंग प्वॉइंट की कमी :** बाजार में एक भी स्थान ऐसा नहीं है जहां वाहन खड़े किए जा सकें। अभी तक शहर को पार्किंग प्वाइंट की जरूरत नहीं पड़ी थी, पर अब वाहनों के बढने् के कारण पार्किंग नहीं होने से बाजार में समस्या बन रही है।

**30 फीट चौड़ी सड़क, फिर भी चलने जगह नहीं**

शहर के गंज क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से टू-लेन सीसी रोड का निर्माण कराया गया था, ताकि यातायात सुगम हो सके और लोगों को राहत मिले, लेकिन पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से यह सड़क अब वाहनों के खड़े होने का स्थान बनकर रह गई है। लगभग 30 फीट चौड़ी सड़क का बड़ा हिस्सा दोपहिया और चारपहिया वाहनों से घिरा रहता है, जिससे सड़क की उपयोगी चौड़ाई घटकर करीब 10 फीट रह जाती है। ऐसे में एक साथ दो वाहन निकलना भी मुश्किल हो जाता है और दिनभर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्किंग की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण वाहन चालकों के पास सड़क पर वाहन खड़ा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता है।

वाहनों की पार्किंग का इंतजाम करना नगरपालिका का काम है। हम तो आवागमन को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। वाहनों की पार्किंग के लिए इंतजाम होना चाहिए, नहीं तो यह स्थिति हमेशा बनी रहेगी। हालांकि यातायात पुलिस एलाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को व्यवस्थित पार्किंग करने के निर्देश देती है।

**- गजेंद्र केन, यातायात प्रभारी, बैतूल**

**सबसे ज्यादा कोठीबाजार और सदर में हालात गंभीर**

कोठीबाजार और सदर क्षेत्र में साप्ताहिक बाजार के दिनों में हालात और गंभीर हो जाते हैं। यहां शहीद चौक सहित मुख्य मार्गों पर बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन खड़े किए जाते हैं, जिससे भारी वाहनों और अन्य यातायात का संचालन प्रभावित होता है। बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों को भी काफी असुविधा होती है। लोगों का मानना है कि सदर क्षेत्र में ओवरब्रिज के नीचे खाली पड़ी जगह का उपयोग पार्किंग स्थल के रूप में किया जा सकता है। पहले यहां बाजार लगाया जाता था और पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। यदि प्रशासन चाहे तो यहां व्यवस्थित पार्किंग बनाकर लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान किया जा सकता है। लोगों का कहना है कि जब तक पार्किंग स्थल विकसित नहीं होंगे और अतिक्रमण पर नियमित नियंत्रण नहीं होगा, तब तक शहर की यातायात व्यवस्था पटरी पर आना मुश्किल है।

## बेटे ने पिता की पत्थर मारकर हत्या की, आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल। खेड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत चुनालोमा के पोहा ढाना में एक बेटे ने शराब के लिए पैसे न देने पर अपने पिता की पत्थर से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।**

**शराब के लिए पैसे नहीं देने पर हुआ था विवाद**

**आरोपी बेटे को न्यायालय में किया पेश**



पुलिस के अनुसार, यह घटना शुक्रवार रात करीब 9 बजे हुई। आरोपी अनिल उइके (32) ने अपने पिता सत्तू उइके से शराब पीने के लिए पैसे मांगे थे। पिता द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। गुस्से में आकर अनिल ने पास पड़ा एक बड़ा पत्थर उठाकर पिता के सिर पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से सत्तू उइके की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी अनिल मौके से फरार हो गया था। शनिवार को गांव में सत्तू उइके का शव मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही खेड़ी चौकी और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

जांच के दौरान, संदेह के आधार पर बेटे अनिल उइके से पूछताछ की गई, जिसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का जिला चिकित्सालय में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी शराब का आदी है और अक्सर घर में पैसों को लेकर विवाद करता था।

## मवेशी के कोठे में लगी आग, मवेशी झुलसे

**मुलताई। प्रभात पट्टन ब्लॉक के ग्राम वायगांव मे रविवार की दोपहर करीब 3 बजे एक किसान के खेत मे स्थित मवेशी के कोठे मे अचानक आग लग गई, जिससे 1मवेशी की जिंदा जलकर मौत हो गई वहीं 4 मवेशी बुरी तरह झूलस कर घायल हो गए।**



आगजनी की सूचना मिलने पर मुलताई एवं आठनेर नगरपालिका की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाई गई। नगर पालिका के फायर कर्मचारी सुमित पूरी ने बताया ग्राम वायगांव निवासी विश्वनाथ साहू के खेत में स्थित मवेशी के कच्चे कोठे में दोपहर मे आग लगने की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे तो अज्ञात कारणों से मवेशी का कोठा जल रहा था, जिसमे बंधे 1 मवेशी कि जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि 4 मवेशी बुरी तरह झूलस कर घायल हो गए ल घटना मे 2बैल गाड़ी,चने का कूटार,पशु चारा 5 ट्राली,कृषि उपकरण जलकर राख हो गए। सूचना मिलने पर नगर पालिका मुलताई एवं आठनेर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची एवं आग बुझाई गई। आग बुझाने मे फायर ड्राइवर मनोज सिंह, गिरीश पिपले, सुमित पूरी कि सराहनीय भूमिका रही।

## महिला ने खाया जहर, जिला अस्पताल में मौत, जांच जारी

**बैतूल।** आमला शहर के वार्ड नंबर-1 में एक महिला ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में पति-पत्नी के बीच विवाद और आर्थिक तंगी को आत्महत्या का कारण बताया जा रहा है। आमला थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है, घटना शनिवार रात की है। मृतका की पहचान वार्ड नंबर-1 निवासी नीलू नागले (30) पत्नी विजय नागले के रूप में हुई है। बताया गया है कि शनिवार रात नीलू ने अपने घर में जहरीले पदार्थ सल्फास का सेवन कर लिया, जिसके बाद देर रात उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, महिला के सिरहाने से सल्फास की एक डिब्बी भी मिली है। घटना की सूचना मिलते ही आमला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर ने बताया कि मृतका बर्तन मांजने का काम करती थी और अक्सर देर से घर लौटती थी। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। हालांकि, पुलिस ने अभी आत्महत्या के कारणों को लेकर कोई स्थिति साफ नहीं की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## लॉज के सामने आग लगने से डीपी जली

**मुलताई। नगर मे रेल्वे स्टेशन रोड पर अमित लॉज के सामने शनिवार रात करीब 9 बजे बिजली कंपनी के ट्रांसफार्मर मे शार्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई।**



जिससे डीपी जल गई ।बताया जाता है नगर मे रेल्वे स्टेशन रोड पर अमित लॉज के सामने बिजली कंपनी का पोल पर ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। शनिवार रात मे अचानक वायर में शॉर्ट सर्किट होने से तारों में चिंगारियां निकलने लगी और देखते ही देखते डीपी को आग ने अपनी चपेट मे ले लिया, डीपी धू-धू कर जलने लगी ।जिससे बिजली सप्लाई बंद हो गई तथा आसपास के लोग घरों से बाहर स ?क पर निकल आए जिससे सड़क पर भीड़ जमा हो गई। आग की लपटें और तारों से चिंगारियां देखकर लोगों में विस्फोट होने का डर जरूर था, लेकिन डीपी से करीब 50 फुट से भी ज्यादा दूरी पर मकान एवं दूकान होने से आग फैलने कस ज्यादा सम्भावना नही थी। घटना की सूचना लोगो द्वारा बिजली कंपनी को देने पर बिजली कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंची और सुरक्षा को देखते हुए पूरे क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। कर्मचारियों ने जल चुकी डीपी को अलग कर मरम्मत कार्य शुरू किया। कुछ देर बाद शेष लाइन की सप्लाई बहाल कर दी।

## बरगी डैम हादसे में मृतकों को आप कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 10 मई.** जबलपुर के बरगी डैम में हुए भीषण नाव हादसे को लेकर आम आदमी पार्टी ने बैतूल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

पार्टी कार्यकर्ताओं ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की। सभा के दौरान मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम में शंकर पेंदाम, ईश्वर दास साबले, अजीज खान, फिरदौस खान, रजनी उइके, रमेश भूमरकर, राकेश सिंह, शिवा, संदीप खातरकर, शमीम अहमद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गौरतलब है कि विगत दिनों जबलपुर के बरगी डैम में क्रूज नाव अचानक आए तेज तूफान की चपेट में आकर पलट गई थी। दुर्घटना में 13 लोगों की मौत हुई, जबकि 28 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया था, जिनमें कई घायल भी हुए। हादसे के बाद एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना के गोताखोरों द्वारा लगातार रेस्क्यू अभियान चलाया गया।

## जिला आयुष अधिकारी ने किया निरीक्षण

**बैतूल। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने शनिवार को बारवी और बघोली शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुष संस्था समय पर खुली पायी गयी।**



डॉ. योगेश चौकीकर ने चिकित्सालय की साफ-सफाई, औषधि स्टॉक एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। सभी औषधियों का स्टॉक से मिलान कर उचित स्वास्थ्य सेवायें देने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने सभी कर्मचारियों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं देने और मरीजों की संतुष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि आयुष पद्धति का लाभ समस्त आम जन तक पहुंचना चाहिए। इस हेतु समय समय पर आयुष चिकित्सा शिविर आयोजित करने हेतु कहा गया। यह निरीक्षण अस्पतालों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। निरीक्षण के दौरान संस्था के चिकित्सा अधिकारी एवं समस्त कर्मचारी का स्टाफ़ उपस्थित रहा।

## युवती का शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुलताई। थाना क्षेत्र मे एक युवती को शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को मुलताई पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षकवीरेन्द्र जैन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी एवं एसडीओपी मुलताई एसके सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्रसिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया है।**



टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया फरियादिया ने थाने मे रिपोर्ट लिखाई कि आरोपी कमलेश मोहबे निवासी माथनी पीड़िता का रिश्तेदार है। आरोपी ने जून 2023 में पीड़िता को प्रपोज किया था, जिसे पीड़िता ने जनवरी 2025 में स्वीकार कर लिया। इसके बाद आरोपी ने मुलताई और भोपाल में शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता के कहने पर दोनों ने 30 अप्रैल 2026 को कोर्ट मैरिज करने का फैसला लिया था, लेकिन आरोपी मुकर गया। आरोपी ने पीड़िता को मैसेज कर बताया कि उसकी शादी 12 मई 2026 को किसी दूसरी लड़की से तय हो गई है।

पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना मुलताई में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत केस दर्ज करते हुए आरोपी कमलेश मोहबे पिता रमेश मोहबे उम्र 28 साल निवासी माथनी को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक नरेन्द्रसिंह परिहार,उनि मोनिका पटले, आरक्षक गोपाल,सुभाष, रेशम, महिला आरक्षक मेघा, छाया एवं सैनिक ज्वाला की मुख्य भूमिका रही है।

## छोटे कार्यकर्ताओं का सम्मान ही भाजपा की असली ताकत :हेमंत

**बैतूल। राजनीति में अक्सर बड़े मंच और बड़ी भीड़ दिखाई देती है, लेकिन कुछ पल ऐसे भी होते हैं जो सीधे लोगों के दिलों को छू जाते हैं। ऐसा ही भावुक और आत्मीय दृश्य उस समय देखने को मिला, जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल अचानक भाजपा के जमीनी कार्यकर्ता राजू सोनकपुरिया के घर पहुंचे।**



एक छोटे से कार्यकर्ता के घर प्रदेश अध्यक्ष का पहुंचना औपचारिक मुलाकात नहीं थी, यह उस आत्मीय रिश्ते की मिसाल थी, जहां संगठन अपने समर्पित कार्यकर्ताओं को परिवार मानता है। तिलक वार्ड निवासी राजू सोनकपुरिया पान व्यवसाय से अपना जीवनयापन करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने हमेशा पार्टी को प्राथमिकता दी और हर कार्यक्रम, हर अभियान में पूरी निष्ठा से सक्रिय रहे। हाल ही में उन्हें एल्डरमैन बनाए जाने के बाद यह मुलाकात उनके लिए किसी सम्मान से कम नहीं रही। जैसे ही श्री खंडेलवाल उनके निवास पहुंचे, सोनकपुरिया परिवार की खुशी देखते ही बन रही थी। परिवार के सदस्य भावुक हो उठे। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने घर के अंदर आते ही बोले क्या हाल है राजू ,परिवार कैसा है, बच्चे क्या कर रहे है इन शब्दों में इतना अपनापन था कि परिवार के सदस्य भावुक हो गए। उन्होंने परिवार के सदस्यों भी आत्मीय चर्चा की। लोगों का कहना है कि यही सरलता और कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान हेमंत खंडेलवाल को अन्य नेताओं से अलग बनाता है। बड़े पद पर पहुंचने के बाद भी उनका जमीनी कार्यकर्ताओं से जुड़ाव लगातार बना हुआ है। राजनीति में जहां अक्सर छोटे कार्यकर्ता खुद को उपेक्षित महसूस करते हैं, वहीं इस तरह की मुलाकातें यह संदेश देती हैं कि संगठन की असली ताकत वही कार्यकर्ता हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के वर्षों तक पार्टी का झंडा उठाए रहते हैं। राजू सोनकपुरिया तीस साल से भाजपा पार्टी से जुड़े है और पिछले नगर पालिका चुनाव में पार्षद का चुनाव लड़े थे और दो वोट से चुनाव हार गए थे। पार्टी ने उनके समर्पण और निष्ठा को देखते हुए उन्हें बैतूल नगर पालिका में एल्डरमैन नियुक्त किया है।

## न्यूजीलैंड प्रतिनिधिमंडल बैतूल भ्रमण पर

**बैतूल।** न्यूजीलैंड से आने वाला एक प्रतिनिधिमंडल 11 मई सोमवार को बैतूल जिले के भ्रमण पर रहेगा। भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिले में संचालित मधु संग्रहण एवं जनजातीय आजीविका गतिविधियों का अवलोकन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रतिनिधिमंडल दोपहर लगभग दोपहर 1.30 से 2 बजे तक बैतूल पहुंचेगा, जहां नंदा वन धन विकास केंद्र हनी कलेक्शन सेंटर का भ्रमण करेगा। प्रतिनिधिमंडल को जनजातीय मधु संग्राहकों एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी जाएगी। भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल शहद संग्रहण की प्रक्रिया, स्थानीय हनी वैल्यू चेन, संग्रहण, ग्रेडिंग एवं प्राथमिक भंडारण प्रक्रियाओं का अवलोकन करेगा।

## जनगणना के लिए गांव-गांव पहुंच रहे प्रगणक

**मुलताई।** ग्रामीण अंचलो मे भी जनगणना 2027अभियान प्रारम्भ हो चूका है। धुप में प्रगणक घर घर पहुंचकर गणना कर रहे है। रविवार को प्रभातपट्टन ब्लॉक के ग्राम बिसनूर में प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य चल रहा है। स्थानीय प्रशासन, गणनाकर्मियों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी के साथ गांव में घर-घर सर्वेक्षण का कार्य तेजी से हो रहा है। चार्ज अधिकारी के दिशा निर्देशन में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा मकान सूचीकरण ब्लॉक की सीमा स्थल की पहचान के साथ ही, भवन की पहचान एवं संख्याकरण करते हुए नजरी नक्शा तैयार किया जा रहा है। इस मई माह के कड़ी धूप में हो रहा है इतने भीषण गर्मी में भी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का अपने



कर्तव्य निर्वहण करते हुए , कार्य क्षेत्र में डटे रहना जो अत्यधिक प्रशंसनीय है। प्रगणकों द्वारा नज़री नक्शा तैयार करने के साथ ही, मकान संख्याकरण के पश्चात ।एच्ह एप के माध्यम से भवन की गणना संबंधी प्रविष्टियां दर्ज की जा रही है। प्रगणक सावन डढोरे ने बताया की एचएलओ एप के माध्यम से घर-घर जाकर आवास संबंधी 34 सवालों की प्रविष्टियों की जा रही है। डिजिटल माध्यम से गणना ने कार्य को बहुत ही सरल बना दिया है। वही पर्यवेक्षक राजू सोलंकी ने बताया की जनगणना 2027 का कार्य बिसनूर के साथ-साथ जामठी, तथा सिरडी में भी सुचारू रूप से चल रहा है। प्रगणकों द्वारा संकलित जनगणना डेटा लिंक किया जा रहा है।